भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2114
(28 जुलाई, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत घरों का
प्रस्ताव

**2114. श्री भूपिन्दर सिंहः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को अक्टूबर 2013 में आये प्रचंड चक्रवात 'पैलीम' से प्रभावित लोगों के लिए इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत 1,06,363 घरों के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है लेकिन आज की तिथि तक एक भी घर की मंजूरी नहीं दी गई है;

(ख) सरकार इन घरों की मंजूरी कब तक प्रदान करेगी; और

(ग) यदि सरकार एक भी मकान को स्वीकृति नहीं देने का विचार रखती है तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>
ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री उपेन्द्र कुशवाहा)

(क) से (ग): ओडिशा सरकार ने अपने पत्र दिनांक 17.11.2013 के द्वारा ओडिशा के 4 जिलों में चक्रवात से प्रभावित परिवारों के लिए 1,14,601 मकानों की मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। निधियां उपलब्ध न होने के कारण इस पर विचार नहीं किया जा सका। राज्य सरकार से निवेदन किया गया है कि वे एक संशोधित प्रस्ताव भेजे।

ओडिशा की सरकार ने राज्य के 12 जिलों में चक्रवात से प्रभावित बीपीएल परिवारों के लिए 93,038 अतिरिक्त मकानों की मंजूरी के लिए दिनांक 22 मई, 2014 को एक प्रस्ताव भेजा है, जो मंत्रालय में विचाराधीन है।

*****